CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

वियोज्य DETACHABLE

# भूगोल (प्रश्न-पत्र I)

# GEOGRAPHY (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने सूचित हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तरों को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

# खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) 'स्पेलियोथेम' को परिभाषित कीजिए । स्पेलियोथेम्स के विभिन्न रूपों एवं लक्षणों की चर्चा कीजिए ।
Define 'speleothem'. Discuss the various forms and features of speleothems. 10

1.(b) उच्च ऊँचाई पर्यावरणीय खतरे क्या हैं ? उचित उदाहरणों द्वारा वर्णन कीजिए ।
What are the high altitude environmental hazards ? Explain with suitable examples. 10

1.(c) प्रदूषण गुम्बद क्या है ? इसके निर्माण एवं प्रभावों की चर्चा कीजिए ।
What is pollution dome ? Discuss its formation and impacts. 10

1.(d) जब प्रवाल तनाव से प्रभावित होते हैं तो तनाव के कारण पूर्णरूप से श्वेत हो जाते हैं । इस घटना के कारणों की व्याख्या कीजिए ।
When corals are affected by stress it causes them to turn completely white. Explain the reasons of such an occurrence. 10

1.(e) पूर्णरूप से विकसित मृदा में आम तौर पर मृदा परिच्छेदिका के विभिन्न स्तर स्पष्ट प्रदर्शित होते हैं । विस्तृत वर्णन कीजिए ।
Well developed soils typically exhibit distinct layers in their soil profile. Elaborate. 10

2.(a) भूमिउपयोग एवं भूआवरण में अनुक्रमिक परिवर्तनों ने वैश्विक एवं प्रादेशिक पारिस्थितिक में परिवर्तन एवं असंतुलन उत्पन्न किया है । स्पष्ट कीजिए ।
Sequential changes in land use and land cover have brought global and regional ecological changes and imbalances. Elucidate. 20

2.(b) सरिता आकारिकी के विविध पहलुओं का ज्ञान किस प्रकार परिवहन, वस्ती एवं भूउपयोग नियोजनों तथा बाढ़ नियंत्रण एवं बाढ़ प्रबन्धन में उपयोग किया जाता है वर्णन कीजिए ।
Explain how various aspects of channel morphology are used in transportation, settlement and land use planning, flood control and flood management ? 15

2.(c) महासागरीय धाराओं एवं वैश्विक धरातलीय पवन तंत्रों में क्या अन्त:सम्बन्ध है ? उदाहरणों द्वारा वर्णन कीजिए कि किस प्रकार उत्तरी गोलार्ध के जलधारा घूर्णन दक्षिणी गोलार्ध के जलधारा घूर्णन से पृथक है ।
What is the relationship between ocean currents and global surface wind systems ? Explain with examples how does the gyre in the Northern Hemisphere differ from the one in the Southern Hemisphere. 15

3.(a) पादप एवं जन्तु जो एक विशिष्ट पारिस्थितिक तन्त्र में रहते हैं वे अपने को उस प्राकृतिक-वास एवं पर्यावरणीय दशाओं से समाकूलन करने में सफल हो चुके हैं । उचित उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए ।
Plants and animals that exist in a particular ecosystem are those that have been successful in adjusting to their habitat and environmental conditions. Elucidate with examples. 20

3. (b) उचित उदाहरणों द्वारा वायुराशियों के गतिमान होने पर महाद्वीपों के विभिन्न भागों में मौसम एवं पवनों पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए ।

With suitable examples describe the impacts of movement of airmasses on weather and winds in different parts of the continents. 15

3. (c) भूदृश्य विकास में ढ़ाल, ऊँचाई एवं उच्चावच्च की भूमिका की चर्चा कीजिए ।

Discuss the role of Slope, Altitude and Relief (SAR) in landscape development. 15

4. (a) सागर सतह के तापमान में वृद्धि का गंभीर परिणाम होता है । इससे सम्बन्धित विश्व में संभाव्य परिवर्तनों एवं खतरों का विस्तृत वर्णन कीजिए ।

Rise of surface temperature brings severe consequences. Elaborate the potential changes and threats associated with it in the world. 20

4. (b) तापमान में अल्पकालिक परिवर्तनों का सम्बन्ध किस प्रकार पृथ्वी के धरातल एवं वायुमण्डल के सौर्यिक ऊर्जा प्राप्ति एवं व्यय तंत्र से सम्बन्धित है । वर्णन कीजिए ।

Describe how short term variations in temperature are related to the processes of receiving energy from the sun to the Earth's surface and dissipating it to the atmosphere. 15

4. (c) उचित आरेखों की सहायता से पर्वत निर्माण एवं पर्वत के प्रकारों का वर्णन कीजिए । विश्व के विविध पर्वत तंत्रों से उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

With the help of suitable sketches describe the mountain genesis and mountain types. Give suitable examples from various mountain systems of the world. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

5. (a) भाषाओं पर वैश्वीकरण के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the effects of Globalisation on languages. 10

5. (b) "वैश्विक व्यापार प्रतिरूपों का परिवर्तन नवीन अवसर उत्पन्न करता है" । इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Shifting global trade patterns create new opportunities". Examine this statement. 10

5. (c) नगरों की उत्पत्ति एवं विकास को प्रभावित करने वाले आकारिकी कारकों का परीक्षण कीजिए ।

Examine the morphological factors that influence the origin and growth of towns. 10

5. (d) प्रादेशिक विकास में परिवहन सुगम्यता की भूमिका की चर्चा कीजिए ।

Discuss the role of transportation accessibility in regional development. 10

5. (e) उदाहरणों सहित ज्यामितीय सीमाओं का वर्णन कीजिए ।

Explain the geometrical boundaries with examples. 10

**6.** (a) "संस्कृति एक गतिशील संकल्पना है" । उदाहरणों द्वारा विस्तृत व्याख्या कीजिए ।

"Culture is a dynamic concept". Elucidate with examples. 20

**6.** (b) "स्वचालन तीव्रगति से श्रमिक अर्थव्यवस्थाओं को परिवर्तित कर रहा है तथा व्यापार प्रतिरूप को व्यापक पैमाने पर प्रभावित करेगा" । स्पष्ट कीजिए ।

"Automation is rapidly changing the economies of labour and will affect trade patterns in significant ways". Clarify. 15

**6.** (c) "अति भीड़ भारतीय नगरों में दीर्घकालिक आवासीय अभाव की समस्या को उत्पन्न करती है" । उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

"Over crowding leads to chronic problem of shortage of housing in Indian cities". Explain citing relevant examples. 15

**7.** (a) "जलवायु परिवर्तन विश्व खाद्य सुरक्षा एवं गरीबी उन्मूलन में एक गंभीर समस्या है" । आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

"Climate change is a serious problem to global food security and poverty eradication". Critically examine. 20

**7.** (b) मात्रात्मक क्रान्ति की सार्थकता एवं भूगोल के विकास में मात्रात्मक क्रान्ति के प्रभाव का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the significance of the Quantitative Revolution and its influence in the development of Geography. 15

**7.** (c) आर्थिक विकास पर प्रादेशिक भिन्नता के प्रभाव का सविस्तार वर्णन कीजिए ।

Explain in detail the impact of regional disparities on economic development. 15

**8.** (a) अभिकर्ष एवं धक्का के कारक किस प्रकार प्रवास को प्रभावित करते हैं ? नवीन बस्ती प्रतिरूपों को समझने में उपरोक्त कारक किस प्रकार की भूमिका प्रस्तुत करते हैं ?

How migration is affected by push and pull factors ? Explain how these factors play a role in understanding new settlement patterns. 20

**8.** (b) वर्तमान विश्व में वॉन थ्यूनेन के कृषि-स्थान सिद्धांत की प्रासंगिकता एवं प्रयोज्यता की व्याख्या कीजिए ।

Explain the relevance and applicability of Von Thunen theory of Agriculture-location in today's world. 15

**8.** (c) जी. के. जिप्फ द्वारा दिए गऐ 'कोटि-आकार-नियम' संकल्पना की चर्चा कीजिऐ । क्या यह नियम भारतीय संदर्भ में प्रासंगिक है ?

Discuss the concept of 'Rank-Size-Rule' given by G. K. Zipf. Is this rule relevant in Indian context ? 15

---